# अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक / अविप्रा / सचिव / 2021 / 316

दिनांक 5/8/22

## बैठक कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 05.08.2022 को 11:30 बजे श्री अक्षय गोदारा, आयुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसका बैठक कार्यवाही विवरण निम्नानुसार हैः–

बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित हुये :–

1. श्री किशोर कुमार, सचिव, अ.वि.प्रा., अजमेर।
2. श्री पुरूषोत्तम पंवार, सचिव, नगर निगम, अजमेर।
3. श्री धर्मेन्द्र जानू, अति.पुलिस अधिक्षक, अजमेर।
4. श्री अनिल कुमार, निदेशक अभियंत्रिकी, अ.वि.प्रा., अजमेर
5. श्री पी.आर. बेनीवाल, निदेशक आयोजना, अविप्रा, अजमेर।
6. श्री हजारीराम सिरवी, निदेशक विधि, अ.वि.प्रा., अजमेर।
7. श्री राजकिशोर मीणा, निदेशक वित्त, अ.वि.प्रा. अजमेर।
8. श्री एन.के. भटनागर, अधिक्षण अभियन्ता, अ.वि.वि.एन.एल. अजमेर।
9. श्री अनिल खीची, अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अजमेर।
10. श्री विष्णु शर्मा, अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. वि., तकनीकी सहायक अधिक्षण अभियंता वृत अजमेर।
11. श्री योगेश कुमार खत्री, अति. निदेशक पर्यटन विभाग, अजमेर।
12. श्री कुशाग्र गुप्ता, ए.एस.ई, रीको अजमेर।
13. श्री त्रिलोचन कुमावत अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद किशनगढ़।

सर्वप्रथम सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण ने समस्त आगन्तुक समिति के सदस्यो का स्वागत किया गया। बैठक में बाद विचार विर्मश प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| प्रस्ताव संख्या | विवरण | अनुभाग |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक 15.06.2022 को आयोजित प्राधिकरण कार्यकारी समिति बैठक मे लिए गये प्रस्तावों की पुष्टि ।<br><br>निर्णयः– सर्वसम्मति से दिनांक 15.06.2022 को आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक मे लिये गये प्रस्तावो की पुष्टि की गई। | सचिव<br><br>किशोर कुमार (RAS)<br>सचिव<br>अ.वि.प्रा., अजमेर |
| 2 | डी.डी. पुरम योजना जोन E and F में विघुतीकरण का कार्य की परिचलन प्रस्ताव की पुष्टि हेतु ।<br><br>डी.डी. पुरम योजना के जोन E and F ब्लॉक के विघुतीकरण हेतु | |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | परिचलन प्रस्ताव कार्यकारी समिति के माध्यम से 945.00 लाख की संशोधित वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त की गई एवं निविदा दर राशि 843 लाख की स्वीकृति भी प्राप्त की गई। विस्तृत परिचलन प्रस्ताव संलग्न है। अतः कार्यकारी समिति के समक्ष पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– सर्वसम्मति से परिचलन प्रस्ताव की पुष्टि की गई।** | निदेशक अभियांत्रिकी |
| 3 | **जयपुर रोड़ पर RPSC के सामने अजमेर विकास प्राधिकरण के नए कार्यालय भवन के निर्माण कार्य की निविदा दर स्वीकृति हेतु।**<br><br>उक्त कार्य की निविदा सूचना संख्या –12/2022–2023 दिनांक 20.06.2022 को जारी की गई थी जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 19.07.2022 को खोली गई जिसमें निम्न निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया–<br>1- M/s Ankit Construction<br>2- M/s Gulshan Rai Jain-II<br><br>प्राप्त तकनीकी बिडों का तकनीकी विश्लेषण तैयार किया गया जिसमें फर्म M/s Ankit Construction Non Responsive तथा फर्म M/s Gulshan Rai Jain-II Responsive रही।<br><br>रिस्पोन्सिव फर्म की वित्तीय बिड दिनांक 21.07.2022 को खोली गई जिसका विवरण निम्नानुसार है–<br><br>**Sr.No** \| **Bidder Name** \| **G - Schedule Amt.** \| **Rate** \| **Bid value**<br>1. \| M/s Gulshan Rai Jain-II \| Rs. 217078632.85 \| 4.59% Above \| 227042542.10<br><br>अतः प्राप्त दर 4.59% Above निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए उचित है :–<br><br>(i) केन्द्र सरकार द्वारा GST की दर दिनांक 18.07.2022 से Works Contract पर संशोधित कर 18% की गई है।<br><br>(ii) Price Variation का Clause निविदा से Delete किया हुआ है। अतः संवेदक को भविष्य में Price escalation का कोई भुगतान देय नहीं होगा।<br><br>(iii) कार्य का तकमीना (कुल लागत का लगभग 70%) PWD BSR 2019 Building and Roads पर आधारित है। RBI Price Index को देखते हुए मई 2019 से मई 2022 तक Cement में 5.91% की, Material में 26.64% , Steel में 44.42%, P.OL. में 81.99% व Labour में 17.08% वृद्धि दर्ज की गई है।<br><br>(iv) कार्य के तकमीने में लिये गये Electricals Items, PWD BSR (Electrical) 2021 पर आधारित है। डी.डी. पुरम जोन E & F में | |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | Electrification कार्य के लिये 16.60% Above की दर जुलाई माह में स्वीकृत की गई है जिसका तकमीना PWD BSR (Electrical) 2021 पर आधारित था। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि PWD द्वारा PWD BSR (Electrical) 2022 भी जारी की जा चुकी हैं, जिसकी दरें PWD BSR (Electrical) 2021 की दरों से लगभग 30 से 40% अधिक है।<br><br>(v) तकमीने के मुख्य Items steel reinforcement व Reinforced Cement Concrete का Market Rate Analysis करने पर दरें क्रमशः 38.80% Above व 24.28% Above आती है। RMC का बाजार दर विश्लेषण करने पर 9.21% Above आता है।<br><br>(vi) कायड़ स्थित मेडिकल कॉलेज 144.50 करोड़ की निविदा दिनांक 31.12.21 को प्राप्त की गई थी। उक्त कार्य की दर 1.11% Above स्वीकृत की गई थी जबकि उस समय Steel की Market Rate बहुत कम थी एवं उक्त Contract में Price variation का Clause भी शामिल था।<br><br>अतः उपरोक्त समस्त तथ्यों को देखते हुए 4.59% Above दर कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः— सर्वसम्मति से कार्यकारी समिति द्वारा एकल निविदा में प्राप्त दर 4.59% Above की स्वीकृति प्रदान की गई ।** | निदेशक अभियांत्रिकी |
| 4 | **जनाना अस्पताल में गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण कार्य की डिपोजिट स्वीकृति हेतु।**<br><br>जनाना अस्पताल, अजमेर में गर्ल्स हॉस्टल बनाया जाना प्रस्तावित है जिसके लिये चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा अपने पत्र क्रमांक 2522 दिनांक 10.06.2022 द्वारा राशि रू. 15.00 करोड़ की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की गई तथा अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर को कार्यकारी ऐजेन्सी नियुक्त किया गया है। अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की SOP अनुसार 5.00 करोड़ से अधिक डिपोजिट कार्य की स्वीकृति हेतु कार्यकारी समिति सक्षम है।<br>अतः राशि रू. 15.00 करोड़ के डिपोजिट कार्य की स्वीकृति हेतु प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः— सर्वसम्मति से डिपोजिट कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई।** | निदेशक अभियांत्रिकी |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 5 | **अनुबन्ध दर से वाहन मय चालक उपलब्ध करने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति राशि रूपये 63.97 लाख के अनुमोदन बाबत।**<br><br>प्राधिकरण में एक वर्ष के लिये वाहन मय चालक अनुबंन्ध दर से उपलब्ध कराने हेतु राशि रूपये 50.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। प्राधिकरण के कार्यालय के कार्यादेश क्रमांक 15341 दिनांक 23.03.2021 से संवेदक कैलाशनाथ को एक वर्ष के लिये वाहन मय चालक एवं ईधन आपूर्ति हेतु कार्यादेश जारी किया गया था। प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण कैम्प आयोजित करने एवं राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किये गये पर्यवेक्षक को वाहन एवं नये अधिकारियों के पदस्थापन/पदोन्नति के कारण वाहन उपलब्ध करने के कारण अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था करने पडी वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिये नये टेण्डर आमंत्रित किये गये थे परन्तु अपरिहार्य कारणो से टेण्डर निरस्त किया गया। नया कार्यादेश दिनांक 01.07.2022 से जारी किया गया। प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टि से संवेदक का तीन माह दिनांक 31.06.2022 तक (एक बार दो माह एवं एक बार एक माह) की समयावृद्धि प्रदान की गई। इस कारण संवेदक को 15 माह का भुगतान राशि रूपये 6396780/– की देयकता बनी है। इस हेतु संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति वांछित है।<br><br>प्राधिकरण की वित्तिय शक्तियों के प्रत्यायोजन की सूची के भाग II (वस्तुओं एवं सेवाओं) के बिन्दु संख्या 01 के अनुसार 50 लाख से अधिक के उपापन के लिये कार्यकारी समिति प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति जारी करने हेतु सक्षम है।<br><br>अतः राशि रूपये 63.97 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दिये जाने का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– कार्यकारी समिति द्वारा 63.97 लाख की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।** | प्रभारी भण्डार शाखा |

<u>बैठक अन्त में सधन्यवाद समाप्त की गई</u>

<u>यह बैठक कार्यवाही विवरण आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।</u>

सचिव,
अजमेर विकास प्राधिकरण,
अजमेर

Scanned with CamScanner

क्रमांक/अविप्रा/सचिव/2021–22/317-45 दिनांक 5/8/22

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव ,प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग,राजस्थान,जयपुर।
2. निजी सचिव, अध्यक्ष, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
3. संयुक्त शासन सचिव–प्रथम,नगरीय विकास विभाग,राजस्थान,जयपुर।
4. अतिरिक्त निजी सचिव,आयुक्त,अजमेर विकास प्राधिकरण ,अजमेर।
5. निजी सहायक ,जिला कलक्टर ,अजमेर।
6. निजी सहायक,आयुक्त,नगर निगम,अजमेर।
7. निजी सहायक,पुलिस अधीयक्ष,अजमेर।
8. निजी सहायक,सचिव,अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर।
9. अति. जिला कलक्टर शहर, अजमेर।
10. मुख्य अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
11. मुख्य अभियंता, अजमेर विद्युत वितरनण निगम लिमिटेड, अजमेर।
12. अति. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अजमेर।
13. अति. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अजमेर रीजन, अजमेर।
14. सलाहकार (एएण्डएम) राजस्थान राज्य औद्योगिकी विकास एवं विनियोजन नि.लि. जयपुर।
15. कार्यकारी निदेशक (यांत्रिकी) (महाप्रबन्धक अभियांत्रिकी), राजस्थान राज्य परिवहन नि.लि. जयपुर।
16. उपनिदेशक, पर्यटन विभाग, अजमेर।
17. उपायुक्त उत्तर/दक्षिण/पुष्कर/किशनगढ़, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
18. निदेशक अभियांत्रिकी/आयोजना/वित्त/विधि, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
19. अधीक्षण अभियन्ता, उत्तर/दक्षिण, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
20. वरिष्ठ नगर नियोजक, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
21. वरिष्ठ लेखाधिकारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
22. सहायक विधि परामर्शी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
23. आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़, अजमेर।
24. कार्यकारी अधिकारी, नगरपालिका बोर्ड, अजमेर।
25. प्रभारी अधिकारी भण्डार शाखा, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

सचिव,
अजमेर विकास प्राधिकरण,
अजमेर

Scanned with CamScanner